आकाशवाणी शिमला

07.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

ऑपरेशन सिंदूर

भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा कल रात पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू–कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। इन आतंकी ठिकानों में पाकिस्तान के सियालकोट में सरजाल कैंप, महमूना जोया और मरकज तैयबा मुरीदके तथा बहावलपुर में मरकज सुभानल्लाह शामिल थे। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में सवाई नाला और मुजफ्फराबाद में सैयद ना बिलाल, कोटली गुलपुर, बिम्बर और कोटली अब्बास में आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। नई दिल्ली में भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और विदेश मंत्रालय की संयुक्त प्रेस वार्ता में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कल रात एक बजकर पांच मिनट से एक बजकर तीस मिनट तक चलाया गया।

प्रैस वार्ता में हमले में नष्ट किए गए आतंकवादी स्थल और सैन्य तथा नागरिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाए बिना सफलतापूर्वक चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की विस्तृत जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री

इस बीच सभी राजनीतिक दलों ने भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा की है। पीओके में आतंकी ठिकानों पर वायु सेना द्वारा की गई एयर स्ट्राइक पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सेना को बधाई देते हुए कहा है कि सेना ने सटीक कार्रवाई करते हुए आतंकी ठिकानों को तहस नहस किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता भारतीय सेना के साथ खड़ी है और पहलगाम आतंकी घटना का जिस तरह से सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया है उससे भारत की एकता व अखंडता की भावना स्पष्ट होती है।
कांग्रेस नेता व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेना को बधाई देते हुए कहा है कि देश का हर नागरिक केन्द्र सरकार के साथ खड़ा है और पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब देने के लिए तैयार है।

प्रतिक्रिया

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्रवाई को आतंकवाद के खिलाफ करारा जवाब बताया है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सेना को बधाई दी है।
राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि यह न केवल आतंकी ठिकानों पर सीधा हमला है, बल्कि एक स्पष्ट संदेश भी है कि भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलेरेंस की नीति है और आतंकी हमलों का मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री–बैठक

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भारतीय सेना द्वारा 'ऑप्रेशन सिंदूर' के सफल संचालन के बाद आज शिमला में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने 'ऑप्रेशन सिंदूर' के सफल संचालन के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को बधाई देते हुए कहा कि हमें अपने देश की सेनाओं पर गर्व है। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, खाद्यान्न आपूर्ति, संचार व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, आपदा प्रबन्धन, स्वास्थ्य सेवाएं सहित विभिन्न विषयों की विस्तृत

समीक्षा की और विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था और विभिन्न प्रबन्धों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती इलाकों में स्कूलों को बंद या खुला रखने को लेकर उपायुक्तों को स्थिति के अनुसार फैसला लेने के लिए अधिकृत किया गया है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मशाला में आयोजित होने वाले आईपीएल मैच को लेकर केंद्र सरकार की तरफ से जो भी निर्देश आएंगे उनकी पालना की जाएगी। बैठक में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चन्द शर्मा, पुलिस महानिदेशक डॉ. अतुल वर्मा और विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

<u>मॉकड्रिल</u>

गृह मंत्रालय के निर्देश पर आज देश के 2 सौ 44 जिलों में ऑपरेशन अभ्यास मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। शिमला में उपायुक्त कार्यालय परिसर और संजौली स्थित बहुमंजिला पार्किंग को प्रभावित क्षेत्र घोषित किया गया। सायं 4 बजे सायरन बजाकर इस आपातकाल की सूचना दी गई जिसके बाद सिविल डिफेंस सहित अन्य सुरक्षा व राहत बचाव दल ने मौके पर पहुंच कर लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।